

## एक नजर में

### अर्चना चिटनिस के प्रयासों से केला किसानों को बड़ी सुविधा, उर्वरक वितरण व्यवस्था में केला फसल



**बुरहानपुर।** जिले के केला फसल उत्पादक किसानों को बड़ी राहत मिली है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध के सतत प्रयासों के बाद शासन स्तर पर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैंए जिससे केला फसल के लिए उर्वरक एवं कृषि आदानों की आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। अब उर्वरक वितरण व्यवस्था में केला फसल भी पोर्टल पर प्रदर्शित की जा रही है। बुरहानपुर जिला प्रदेश में केला उत्पादन का प्रमुख केंद्र हैए जहां हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में केला की खेती की जाती है। किसानों द्वारा लंबे समय से उर्वरक की समय पर उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर समस्याएं सामने रखी जा रही थीं। विधायक श्रीमती चिटनिस ने किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर समाधान के लिए ठोस पहल की। अब ई.टोकन प्रणाली एवं निर्धारित मात्रा में उर्वरक वितरण व्यवस्था को लागू किया गया हैए जिससे किसानों को समय पर उचित मात्रा में उर्वरक प्राप्त होगा और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रहेगा। इससे केला फसल की उत्पादकता बढ़ाने में किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

ज्ञात हो कि किसानों के लिए ई.टोकन प्रणाली प्रारंभ कर गई है। जिसमें केला फसल के किसान इस सुविधा से वंचित हो रहे थे। अब केला फसल को भी ई.टोकन प्रणाली में सम्मिलित कर लिया गया है। विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि केला किसान निमाड़ क्षेत्र की पहचान हैं। किसानों की सुविधा और फसल सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्हें समय पर खादए बीज और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। केला उत्पादक किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें उर्वरक के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और फसल प्रबंधन में आसानी होगी। किसानों ने विधायक श्रीमती चिटनिस के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

### जनसमस्याओं के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा आंदोलन आज : रिंकू टॉक



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर शहर में भाजपा शासित नगर निगम की विफलताओं, प्रशासनिक लापरवाही और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी एवं पार्षद दल द्वारा धरना आंदोलन एवं नगर निगम घेराव का निर्णय लिया गया है। यह आंदोलन दिनांक 11/02/2026, बुधवार को सुबह 11.00 बजेए जयस्तंभ चौराहाए बुरहानपुर पर आयोजित किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक ने बताया कि शहर में आम जनता गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन भाजपा सरकार और नगर निगम आंख मूंदे बैठा है। वोटर लिस्ट में नाम काटने की साजिश के जरिए लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर में ब्लू नल के माध्यम से गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा ह, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। रिंकू टॉक ने कहा कि शहर के अधिकांश वार्डों में सड़कों पर गड्ढेए सीमेंट रोड निर्माण कार्य ठपए और ठेकेदारों द्वारा समय पर काम नहीं किया जा रहा है। इसके बावजूद नगर निगम मूकदर्शक बना हुआ है। गरीबी रेखा के राशन कार्ड बंद किए जा रहे हैंए उनके सत्यापन नहीं हो रहेए जिससे गरीब परिवारों को भोजन तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वृद्धावस्था पेंशन में भारी अव्यवस्थाओं के कारण बुजुर्ग परेशान हैंए संबल कार्ड पुन: जीवित नहीं किए जा रहेए जिससे मजदूर और गरीब वर्ग सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहा है। इसके साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब हो चुकी हैए जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम परिषद की बैठकें समय पर नहीं की जा रही हैंए जिससे जनप्रतिनिधियों की आवाज दबाई जा रही है और जनता से जुड़े मुद्दों पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा। यह पूरी व्यवस्था भाजपा की नाकामी और अहंकार को दर्शाती है।

### बिम्ट्स खेल महोत्सव 2026 का 11 को भव्य शुभारंभ, 17 फरवरी तक होंगी विविध खेल प्रतियोगिताएं



**बुरहानपुर।** ग्राम झिरी स्थित ईस्वम एकेडमी ऑफटेक्निकल एण्ड जनरल एजुकेशन द्वारा संचालित प्रोण् बृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड टेक्निकल साईंस महाविद्यालय बुरहानपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शिबिम्ट्स खेल महोत्सव.2026श् का आयोजन किया जा रहा है। यह खेल महोत्सव 11 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मिर्जा राहत बेग ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धकए बौद्धिक एवं शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी एक सप्ताह तक खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा हैए जिसमें अप्लाइड एवं सामाजिक विज्ञान,पैरामेडिकल,नर्सिंग एवं फार्मेसी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी भाग लेंगे। खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों की टीमों द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा तथा खेल मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। खेल सप्ताह के दौरान छात्र एवं छात्राओं के लिए अंदरूनी एवं बाहरी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगीए जिनमें शतरंजए कैरमए बैडमिंटनए खो.खोए वॉलीबॉलए कबड्डीए दौड़ प्रतियोगिताए लगोरी एवं क्रिकेट शामिल हैं।

संस्था अध्यक्ष श्रीमती राखी मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल जैन, सचिव अमित मिश्रा,प्राचार्य सैय्यद आसिफ अली एवं प्रशासनिक अधिकारी विशाल गोजरे सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर खेल महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया है। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासनए टीम भावनाए नेतृत्व क्षमता एवं शारीरिक सुदृढ़ता का विकास होता है। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मुक्ताई नगर जा रही दिंडी यात्रा का स्वागत



**इस्छापुर।** नेपानगर से मुक्ताई नगर जा रही दिंडी.यात्रा का मुकाम ग्राम इच्छापूर में पुरुषोत्तम पंडीत के निवास पर हुवा । जहां रात्री में किर्तन भी किया गया। तपश्चान संतों का भोजन कराया गया। कार्यक्रम के दुसरे दिन दिंडी का प्रस्थानपिंपरी गांव में हुवा, सुबह दिंडी का नास्ता शुभम महाजन द्वारा दिंडी का स्वागत कर उन्हें बिहाईदी। यह हिंडी यात्रा. शिवरात्री एकादशी के कार्यक्रम में प्रतिवर्षानुसार मुक्ताईनगर जाती है।

# एशिया के सबसे बड़े अखबारी कागज नेपा मिल को पुन : बहाल करने की मांग

**इंटक की ओर से सांसद को लिखा गया पत्र।**




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर / नेपानगर।** एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में 2022 में पुन: कागज उत्पादन शुरू किया गया था,लेकिन यह उत्पादन ज्यादा समय नहीं होने के कारण मिल की स्थिति खराब है। अफसर, कर्मचारियों का वेतन तक नहीं हो पा रहा है। अब इसे लेकर मप्र इंटक के सचिव लालचंद पटेल ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटील को पत्र लिखकर मांग की है कि मिल में जल्द से जल्द पुन: कागज उत्पादन शुरू कराया जाना चाहिए।

सांसद को लिखे पत्र में उन्होंने कहा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में 1956 में भारत सरकार द्वारा स्थापित अखबारी कागज़ उद्योग जिसका पूरा नवीनीकरण भारत सरकार द्वारा 2012 में तत्कालीन सरकार द्वारा 12 सौ करोड़ का पैकेज नवीनीकरण के लिए स्वीकृत किया जाकर नवीनीकरण का काम अगस्त 2022 में करोना के कारण देर से ही पर पूर्ण होकर ट्रायल भी हो गयाए किन्तु वर्तमान में केवल रा मटेरियल के अभाव में बंद हैं। नेपा लिमिटेड नेपानगर ने अपने रिकॉर्ड उत्पादन के अनेक किर्तिमान बनाए करोड़ रूपए की विदेशी मुद्रा बचाई है।

**आइएनएस ने जताई है कागज उत्पादन पर चर्चा:** –पत्र में पटेल ने कहा हाल ही में इंडियन न्यूज पेपर सोसायटी आइएनएस ने वर्तमान समय में देश में न्यूजप्रिंट की घरेलू आपूर्ति में गंभीर कमी को लेकर चिंता भी जताई है। उन्होंने बताया है कि न्यूजप्रिंट की घरेलू मांग और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर पिछले 20 वर्षों से बना हुआ है। उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने कहा आइएनएस के अनुसार हमारे देश में न्यूजप्रिंट की वार्षिक खपत लगभग 1०2 मिलीयन टन है जबकि देश में न्यूजप्रिंट का उत्पादन ०5 के आंकड़े को भी पार नहीं करता। देश में न्यूजप्रिंट की वार्षिक मांग केवल 40 प्रतिशत ही हो पा रही है जबकि नेपा लिमिटेड नेपानगर एशिया का सबसे बड़ा अखबारी कागज़ उद्योग जिसने उत्पादन के अनेक किर्तिमान बनाए करोड़ों रुपए विदेशी मुद्रा बचाई हैए को देखते हुए तत्कालीन सरकार द्वारा देश में न्यूजप्रिंट की घरेलू मांग को ध्यान में रखते हुए 12 सौ करोड़ की सहायता राशि की स्वीकृति दी और नवीनीकरण भी पूर्ण करवाया किन्तु वर्तमान में केवल रा मटेरियल की आपूर्ति ही करवा दें। इसके लिए पैकेज आवंटित होने पर कागज उत्पादन शुरू हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो एशिया का सबसे बड़ा अखबारी कागज़ उद्योग पुन: रिकार्ड उत्पादन कर हमारे देश में न्यूजप्रिंट की घरेलू मांग पूर्ति में सहायक बनेगा।

## गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता : महापौर






**खराब गुणवत्ताहीन कार्य होने पर राज कंस्ट्रक्शन का देयक बिल रोका गया : महापौर**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहरी क्षेत्र में कायाकल्प के अंतर्गत निर्माण को लेकर महापौर माधुरी अतुल पटेल ने शक्ति दिखाते हुए सड़क निर्माता एजेंसी राज कंस्ट्रक्शन का देयक बिल रोका गया है वही गुणवत्ताविहीन विभिन्न सड़क निर्माण कार्य को पुन: करने के आदेश दिए गए हैं इसके

पूर्व में भी महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा ऐसे ही गुणवत्ता हीन सड़क निर्माण को लेकर अपनी नाराजगी प्रकट कर चुकी है आपने कहा कि सड़क निर्माण में जनता का जो पैसा लग रहा है इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि मेरा यह उत्तरदायित्व है कि मैं ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए आपने कहा की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता अपने समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी को चेतावनी दी है पूर्व में भी शहर में सीमेंट क्रांकिट रोड का निर्माण करने के लिए एसएकेएएम रामदीन अल्ट्राटेक प्राइवेट लिमिटेड इंदौर को सी सी रोड़ बनाने के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था लेकिन उनके द्वारा भी खराब सीसी रोड का निर्माण किया गया उन्हें भी पुन: निर्माण कार्य कराया गया है ।

वर्तमान में सिलमपुरा गेट से चावडी होते हुए राधा वल्लभ मंदिर तकएराजपुरा चौकी से पटेल एजेन्सी वाले के घर तक,छोटी सब्जी मंडी से रतिलाल स्टोर वाले के घर से बोरवाडी चौराहा,जडियावाडी क्षेत्र एवं बाड़ी की पोल तक,कन्हैया पहलवान के घर से चम्पालाल सुर्यवंशी के घर से होते हुए आयुर्वेदिक कॉलेज तक बाई साहब की हवेली से अग्रवाल भवन होते हुए राजघाट रोड,फव्वारा चौक से हकिमी स्कूल होते हुए शिव मंदिर तक बनेगा।

इसी प्रकार तुलसी ज्वेलर्स से डॉ माने के घर तक, शेडे साहब के घर से राजेश भगत के घर तक, किशोर टाकिज क्षेत्र तक सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत है जिस पर निगम के अधिकारी सतत नजर बनाये हुए हैं जहां गुणवत्ताहीन सड़क निर्मित होगी उनके पुनर्निर्माण के लिए आदेश दिए जा चुके इस प्रकार गुणोत्तर उन्हें सड़क निर्माण के लिए महापौर माधुरी पटेल ने सड़क निर्माण में सुनिश्चितता लाने के आदेश दिए।

इस अवसर पर महापौर माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर अतुल पटेल कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू सहायक यंत्री अशोक पाटिल, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे उपयंत्री सौरव वर्मा विक्रम भरकुँवर आदि अधिकारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मंगलवार को जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस एवं कलेक्टर हर्ष सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद नेपानगर अध्यक्ष भारती पाटील, नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री तिवारी,अन्य जनप्रतिनिधिगण, सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, परियोजना अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम संदीप श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं सदस्यगण भी मौजूद रहे। नगर निगम बुरहानपुर द्वारा रेणुका झील उन्नयन के कार्य की समीक्षा में झील का कार्य माह फरवरी 2026 में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए तथा भविष्य में वहां बोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु कलेक्टर श्री सिंह द्वारा कहा गया। इस संपूर्ण व्यवस्था को उचित स्वरुप में संचालन व संधारण हेतु आउटसोर्स करने का सुझाव भी दिया गया। नगर निगम बुरहानपुर की जल प्रदाय योजना की समीक्षा में विधायक श्रीमती चिटनिस ने इन्टेकवेल व ट्रीटमेंट प्लांट पर स्टेण्ड. बाय ट्रान्सफार्मर लगाने की आवश्यकता बताई और उसका प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिएए ताकि किसी ब्रेकडाउन की स्थिति में जल प्रदाय व्यवस्था अवरुध्द ना हो। नगर निगम की सीवरेज योजना की समीक्षा में पीडीएमसी.को सख्त निर्देश दिए गए कि जल आवर्धन की जल प्रदाय पाईपलाईन से सीवर लाईन को पर्याप्त व निर्धारित दूरी पर डाला जाए ताकि भविष्य में कंटेमिनेशन की आंशका को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके।

## प्रकाश सिंह बैस दोबारा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है। कुछ समय पहले ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पूर्व विधायक रविंद्र महाजन को नियुक्त किया गया था। उनकी ओर से नए सिरे से ग्रामीण कांग्रेस के नाम भेजे गए थे जिसके बाद मंगलवार को एक सूची जारी हुई जिसमें वर्तमान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस को ही दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी पुन: नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविंद्र महाजनए ग्रामीण कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जगमीतसिंह जॉली, समाजसेवी विनोद पाटील,पार्षद अंबादास सोनवणे, विनोद पाल, राजू दामू पाटील, पांडुरंग आमले, संजय पंवार, शेख रमजान, जगदीश पटेल, राजेंद्र मसाने सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु जनसुनवाई



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रति मंगलवार को आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जनसुनवाई आयोजित की जाती है। जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जाता है। विभाग द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु नियमानुसार एवं उचित कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया एवं प्राप्त आवेदनों के समाधान हेतु संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए। आज जनसुनवाई में नगर निगम,विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित करीबन 63 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं एआई विषयों जागरूक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रतिवर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को ष्सेफर इंटरनेट डेष् मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ष्स्मार्ट टेकए सेफ चॉइसेज़ ;एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग की खोजद्धष् थीम पर केंद्रित रहा। सेफर इंटरनेट डे के तहत विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगए साइबर हाइजीन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय में एनआईसी बुरहानपुर द्वारा विशेष जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री दीपक बावस्कर,डीआईए एनआईसी राजकुमार गोविल द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## सेवासदन महाविद्यालय के विद्यार्थियों का इंदिरा सागर परियोजना पर शैक्षिक भ्रमण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा इंदिरा सागर परियोजना (नर्मदा नदी पर स्थित) खण्डवा का शैक्षिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संसाधन प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था, विद्युत उत्पादन तथा बांध निर्माण की तकनीकी जानकारी से अवगत कराना रहा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने परियोजना स्थल पर जाकर बांध की संरचना, जल संग्रहण क्षमता, जल वितरण प्रणाली एवं हाइड्रो पावर प्लांट की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखा। परियोजना के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को इंदिरा सागर बांध के महत्व, इसके लाभ तथा क्षेत्रीय विकास में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

विद्यार्थियों ने परियोजना से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल एवं रोचक ढंग से समाधान किया। इस भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, व्यावहारिक ज्ञान तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हुई।

सेवासदन शिक्षा समिति अध्यक्ष तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्रबंधक श्री मनीष पटेल, एवं प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील द्वारा इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक भ्रमण आयोजित करने की बात कही गई।

इस शैक्षिक भ्रमण में विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद दुबे के नेतृत्व एवं डॉ. ज्योति कापड़िया, प्रो. सुजीत पटेल, प्रो. योगिता महाजन एवं श्री विजय महाजन की उपस्थिति में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

**एक नजर** — समर्पण सहयोग निधि में जनप्रतिनिधी,पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता करे सहयोग . भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ . मनोज माने

# मुख्यमंत्री बुरहानुपर में विकास कार्यो का शिलान्यास,भूमि पूजन करेंगे 14 को : चिटनिस





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिले के भाजपा जनप्रतिनिधीयों एवं पदाधिकारीया की एक बैठक आयोजीत की गई। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने द्वारा भाजपा समर्पण निधी अभियान 11 फरवरी से 28 फरवारी तक चलाए जाने को लेकर जानकारी दी। वही प्रदेश भाजपा प्रवक्ता,पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने 1 4 फरवरी 2026 को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी बुरहानपुर दौरे को लेकर चर्चा की।

**समर्पण निधी अभियान 11 फरवरी से 28 फरवारी तक:**– भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ने बताया कि पंण्डित दिनदयाल जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम 11 फरवारी को सभी मंडल स्तर तक आयोजीत किए जाएगें। साथ ही इसी दिन से भारतीय जनता पार्टी समर्पणनिधी अभियान का शुभारम्भ होगा। इस अभियान में जनप्रतिनिधी,पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तक पहुँचा होगा। इसको लेकर आपने विस्तापुर्वक जानकारी साझा करते हुवे योजना बनाने की बात की। आपने कहा कि समर्पण निधी अभियान 11 फरवरी से 28 फरवारी तक चलेगा।

**14 फरवरी को मुख्यमंत्री बुरहानुपर में विकास कार्यो का शिलान्यास एवं भूमि पूजन:**– प्रदेश भाजपा प्रवक्ता,पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने बैठक में जानकारी देते हुवे बताया कि 1 4 फरवरी 2026 को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी बुरहानपुर पधार रहे है। आप लोकसभा चुनाव एवं 2 पारीवारीक कार्यकमो में पूर्व में पधारे है। 1 4 फरवरी 2026 का उनका पहला दौरा बुरहानपुर में होगा। जिसमें यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी मोटे –मोटे तौर पर लगभग 600 करोड के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेगें।

आपने कहा कि 14 फरवरी 26 का इन्वेस्टर्स समिट का कार्यक्रम मार्च तक आगे बढने के कारण केन्सल हो गया था। मेरे द्वारा किए गए अनुरोध को स्वीकार कर वे अब 14 फरवरी को बुरहानपुर पधार रहे है। यह कार्यक्रम स्थानिय नेहरू स्टेडियम पर होगा। आपने जिले भाजपा पदाधिकारीयों ,मंडल पदाधिकारीयों एवं बुथ लेबल तक कार्यकर्ताओ से इसकी तैयारी में जुट जाने का अनुरोध किया।

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने कहा कि पंण्डित दिनदयाल जी की पुण्यतिथि 11 फरवरी की है। इस दिन हम संकल्प ले कि उनके जीवन चरित्र को आत्मसात कर अपने जीवन के आचरण में उतारेगें। और समर्पण निधी अभियान में अपने श्रद्धा के पुष्प अपने अपने सामर्थ अनुसार अर्पित करेगें।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने , प्रदेश भाजपा प्रवक्ता,पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, पावरलुम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती भाई नवलखे, समर्पणनिधी के जिला प्रभारी विरेन्द्र तिवारी,महामंत्री चिंतामन महाजन, संजय जाधव, ईश्वर चौहान मंचासीन थे। अतिथि स्वागत भाजपा पदाधिकारीयों ने किया। कार्यकम्र का संचालन भाजपा महामंत्री चिंतामन महाजन ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी,मंडल पदाधिकारी , जनप्रतिनिधीगण विशेष रूप से उपस्थित थे।